हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

06 उप संचालक व सहायक संचालक कृषि के वेतन ...



09 भोपाल-इंदौर हाइवे पर किलेरामा के पास बाइक...





**लोकसभा क्षेत्र**
जबलपुर

**1 भाजपा प्रत्याशी**
आशीष दुबे

**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
दिनेश यादव

**पिछली बार कौन जीता**
राकेश सिंह

**जीत का अंतर**
4 लाख 54 हजार 744

## क्या रहेंगे मुद्दे?

जबलपुर प्रदेश का महानगर है, इसलिए यहां राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का खासा असर है। इसके साथ यहां सरकार द्वारा कराए गए काम भी मुद्दा बने हुए हैं। गांव-गांव तक सड़कों की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। सड़कों का जाल बिछा है। 4-5 फ्लाई ओवर तैयार हुए हैं। एक बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी केंद्र और राज्य सरकार ने काफी काम किए है। भाजपा मोदी और राम लहर के साथ इन कामों को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस अपनी 19 माह की सरकार के कार्यों को गिना रही है। महंगाई और रोजगार को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### मुद्दों और काम के कारण कांग्रेस पर भारी पड़ रही भाजपा

# जबलपुर में प्रभु श्रीराम, मोदी लहर के साथ मैदान में भाजपा

*महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच कई समानताएं हैं। दोनों बेदाग छवि और मिलनसार प्रवृति के हैं। दोनों ने एलएलबी कर रखी है। आशीष लैंड लार्ड हैं और दिनेश के पास भी पैसे की कई नहीं है। फर्क यह है कि आशीष राम और मोदी लहर के साथ मैदान में हैं, जबकि दिनेश ने बड़ी तादाद में डिब्बे बनवाए हैं। वे और उनके समर्थक ये डिब्बे लेकर निकलते हैं और लोगों से 'एक नोट-एक वोट' की मांग करते हैं। राजनीतिक सच यह है कि जबलपुर में वर्ष 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर बढ़ा है। मौजूदा माहौल देखकर यह परंपरा आगे भी कायम रहने की संभावना जताई जा रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला तो है, लेकिन पलड़ा भाजपा का भारी है। ऐसा पहली बार नहीं है, भाजपा यहां लगातार जीत भी दर्ज करती आ रही है। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रवण पटेल पहली बार मामूली अंतर 6 हजार 722 वोटों के अंतर से भाजपा के बापूराव परांजपे को हरा कर चुनाव जीते थे। इसके बाद से सीट पर भाजपा का कब्जा है और कांग्रेस एक अदद जीत के लिए तरस रही है। 1996 और 1998 के दो चुनाव बापूराव परांजपे ने जीते और 1999 में जयश्री बनर्जी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2004, 2009,



आशीष दुबे



दिनेश यादव

2014 और 2019 में भाजपा की ओर से लगातार राकेश सिंह ने कमल खिलाया। राकेश सिंह ने पिछला चुनाव साढ़े 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। मौजूदा माहौल देखकर कहा जा रहा है कि जीत का यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। लगातार चार जीत दर्ज करने वाले राकेश सिंह इस बार जबलपुर से मैदान में नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर वे विधानसभा का चुनाव लड़े थे और इस समय राज्य सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। उनके स्थान पर भाजपा ने बिल्कुल नए चेहरे आशीष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार से विधानसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। उन्होंने ज्यादा संगठन में काम किया है और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी बेदाग और निर्विवाद छवि है। उनकी गिनती जबलपुर के लैंड लार्ड के तौर पर होती है। कांग्रेस के दिनेश यादव भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं। इससे पहले वे पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। कांग्रेस की ओर से वे महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी छवि भी अच्छी है, लेकिन वे भाजपा के आशीष से काफी पिछड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। जबलपुर में भाजपा जैसी जीत दर्ज करती है, उसे देखकर स्पष्ट है कि यहां जातीय और सामाजिक गणित फेल हो जाते हैं।

## विधानसभा में भाजपा को हासिल है बढ़त

प्रदेश की कई अन्य सीटों की तरह जबलपुर में भी भाजपा को विधानसभा में बड़ी बढ़त हासिल है। लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा ने पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस सिर्फ जबलपुर पूर्व सीट ही जीत सकी है। जबलपुर पूर्व में कांग्रेस के लखन घनघोरिया 27 हजार 741 वोटों के अंतर से जीते हैं, जबकि सातों सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 2 लाख 36 हजार 359 वोट है। साफ है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव से ही 2 लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। कांग्रेस के लिए इस अंतर को पाटना बड़ी चुनौती है।

## ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित वर्ग के वोटरों का दबदबा

सामाजिक समीकरण फेल होने की वजह से जबलपुर में हार-जीत का अंतर ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग के मतदाताओं का दबदबा है। ब्राह्मण एकमुश्त भाजपा के खाते में जा सकते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग का एक हिस्सा कांग्रेस को मिल सकता है। भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण और कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़े वर्ग से हैं। क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी काफी है। इनमें मुस्लिमों का अधिकांश वोट कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है, जबकि दलित और आदिवासी मतों में बंटवारा होगा। हालांकि इनका ज्यादा हिस्सा भी भाजपा के पक्ष में ज्यादा जाने की संभावना है। क्षेत्र के वैश्य, क्षत्रिय एवं अन्य जातियों में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## जबलपुर जिले को मिलाकर बनी लोस सीट

जबलपुर लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया बाहर नहीं गया। इसके तहत आने वाली सभी 8 विधानसभा सीटें जबलपुर जिले की ही हैं। जातीय आधार पर जरूर हर विधानसभा सीट की अलग-अलग स्थिति है। किसी सीट में दलित और आदिवासी ज्यादा हैं तो किसी में पिछड़े और ब्राह्मण। कुल मिलाकर दबदबा भाजपा का ही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब भाजपा और कांग्रेस को बराबर 4-4 सीटें मिली थीं। बावजूद इसके 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह 4 लाख 54 हजार 744 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। अब तो विधानसभा में भी भाजपा का पलड़ा भारी है। माहौल भी भाजपा का है।

**खबर संक्षेप**

## त्यागी महाराज की पुण्यतिथि पर हुआ कन्या भोज का आयोजन

नलखेड़ा नगर के मध्य स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के संत श्रीश्री 1008 श्री जानकी वल्लभदास त्यागी महाराज तथा श्र श्री 108 रामदास त्यागी महाराज



की पुण्यतिथि पर भक्तों द्वारा कन्या भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर रविवार को त्यागी जी महाराज की पुण्यतिथि पर नगर की कन्याओं का कन्या भोज कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं द्वारा भाग लिया गया। त्यागी जी महाराज द्वारा अपने जीवन में कभी अन्न ग्रहण नहीं किया केवल फलाहार, फल एवं दूध पर ही उन्होंने अपना पूरा जीवन गुजारा था। त्यागी जी महाराज श्री जानकी बल्लभ दास राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष रहे महंत नृत्य गोपाल दास के गुरु भाई थे।

## अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान के निर्देश

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अतिथि शिक्षकों को उनके मानदेय भुगतान के संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण ने निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को पत्र

### निर्माण स्थल पर श्रमिक और उनके बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के नहीं पुख्ता इंतजाम

# हादसे के छह माह बाद भी शिफ्ट नहीं हाइटेंशन लाईन करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया था एक श्रमिक

### सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन पर झूल रहा मौत का साया, हाइपरटेंशन लाईन बनी श्रमिकों की लिए जान का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में करीब 32 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे सीएम राइज स्कूल भवन के ऊपर से निकली 33 केवी की विद्युत लाइन निर्माण में जुटे दर्जनों श्रमिकों के लिए जान का खतरा बनी हुई है। करीब छह माह पहले उक्त बिजली के तार की चपेट में आने से एक श्रमिक करंट से गंभीर रूप से घायल हो गया था, लेकिन बावजूद इसके ठेकेदार और बिजली कंपनी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निर्माणाधीन भवन के उपर से अभी तक उक्त हाइटेंशन लाइन नहीं हटाई गई है। इतना ही नहीं निर्माण स्थल पर श्रमिकों और उनके बच्चों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। स्थिति यह है कि भवन में बड़ी संख्या में काम कर रहे पुरुष व महिला श्रमिक बिना सुरक्षा उपकरण के जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर है। लेकिन हैरानी की बात है कि इस ओर कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है।

करोड़ों रुपये की लागत से बनाएं जा रहे सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा कई अनियमितताएं की जा रही है। एक ओर जहां लोग उक्त निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया - निशान लगाते हुए इसे घटिया और निम्न स्तर का बता रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निर्माण स्थल पर ठेकेदार द्वारा श्रमिक और उनके बच्चों की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी नहीं किए गए हैं। छाया, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में श्रमिकों को खारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छाया की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मासूम बच्चों को चिलचिलाती



**इछावर।** हाइटेंशन लाइन के पास मिक्सर मशीन को हादसा होने के बाद भी अन्य स्थान पर नहीं किया शिफ्ट।

गर्मी से बचने के लिए नवनिर्मित दीवारों व छत का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। श्रमिकों के पास सुरक्षा के उपकरण भी नहीं है। पुरूष के साथ महिला श्रमिकों को भी बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। श्रमिकों का कहना है कि उनके पास सुरक्षा उपकरण के नाम पर कुछ भी नहीं है। अधिकांश श्रमिक बिना हैलमेट, जूते, चश्मा, फेस कवर, ईयर प्लग, मफ आदि उपकरण के बिना ही कांक्रीट का काम कर रहे हैं। इससे अक्सर हादसा होने की संभावना बनी रहती है।

### हादसे से नहीं लिया सबक

गौरतलब है कि 20 सितंबर 2023 को निर्माण के दौरान मिक्सर मशीन पर चढ़कर कांक्रीट मटैरियल में पानी डालने के दौरान श्रमिक लवेश काले की भवन के उपर झूल रहे हाइटेंशन लाइन के तार की चपेट में से वह गंभीर रूप से झुलस गया था। इस दौरान बिजली कंपनी ने ठेकेदार पर बिना परमीशन और

**21 सितंबर को प्रकाशित हुई खबर**



मिक्सर मशीन पर चढ़कर पानी मिक्स कर रहा मजदूर बिजली की चपेट में आने से हुआ गंभीर रूप से घायल

स्कूल भवन निर्माण के दौरान मजदूर झुलसा, बिजली कंपनी की अनुमति के बिना ठेकेदार कर रहा था काम

मजदूर की हालत नाजुक होने के कारण भोपाल अस्पताल रेफर किया गया। एसडीएम बोले जांच के बाद ठेकेदार पर की जाएगी कार्रवाई।

नहीं ली परमिशन

कार्रवाई की जाएगी

श्रमिकों के पास नहीं है सुरक्षा उपकरण

एनओसी लिए काम करने की बात कही थी। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि हादसे के छह माह बाद भी आरोपी के खिलाफ ना तो कोई कार्रवाई हुए है और ना ही उक्त हाई टेंशन लाइन को शिफट किया गया है। अभी भी श्रमिक 33 केवी लाइन के नीचे मौत के साएं में काम कर रहे है इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### दीवारों में आई दरारों को सीमेंट के घोल से छिपाने की कोशिश



बिना मापदंड और गुणवत्ता के बनाए जा रहे भवन की दीवारों में अभी के कई जगह दरारें दिखाई दे रही है। इन दरारों को ठेकेदार द्वारा सीमेंट के घोल से मरम्मत कर छिपाने की कोशिश की जा रही है। नगर के सुरेश जाट, जितेंद्र वर्मा, राधेश्याम सेमलिया आदि का कहना है कि भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण घटिया और गुणवत्ताविहीन है। ठेकेदार द्वारा तराई नहीं की जा रही है। दीवारों में अभी से कई जगह दरारे दिखाई दे रही है ऐसे में यह भवन कितना मजबूत और टिकाउ होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

**नहीं है जानकारी**

संबंधित ठेकेदार द्वारा बिजली कंपनी से एनओसी लेने के संबध में मुझे जानकारी नहीं है। दरअसल मैने अभी ज्वाईन किया है। यदि बिजली कंपनी से एनओसी दी होती तो उक्त लाईन को शिफट कर दिया होता।
**सुनील खरे,** अधीक्षण यंत्री बिजली वितरण कंपनी सीहोर

## भंडारा स्थल पर हुआ अग्नि पूजन, आज से निःशुल्क भंडारा होगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा स्थल पर आज से प्रारंभ हो रही चैत्र नवरात्रि के दौरान संचालित होने वाले निःशुल्क भंडारे के लिए अग्नि पूजन किया गया। सोमवार सायं 6 बजे भंडारा स्थल पर समिति सदस्यों द्वारा विधि विधान से अग्नि पूजन कर भट्टी को प्रज्ज्वलित किया गया। वर्ष की दोनों नवरात्रि पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा निशुल्क भंडारा संचालित किया जाता है। आज मंगलवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे माँ बगलामुखी को छप्पन भोग लगाने के बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन होगा। उसके पश्चयात निशुल्क भंडारा प्रारम्भ होगा। इसके पूर्व आज मंगलवार प्रातः भंडारा परिसर में कलश स्थापना की जावेगी एवं नवरात्रि के सम्पूर्ण नो दिनों तक माता रानी के चित्र के सम्मुख हवन



### स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने निकाला गणगौर चल समारोह

नलखेड़ा। स्वर्णकार समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर का चल समारोह निकाला गया। जिसमें छोटी-छोटी बालिकाओं को दूल्हा-दुल्हन बनाया गया था। रविवार को स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने सरदार पटेल चौराहे पर स्थित संतोषी माता मंदिर से गणगौर का चल समारोह निकाला, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ समाज की धर्मशाला पहुंचा जहां चल समारोह का समापन हुआ। चल समारोह में बालिकाओं को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजाकर शामिल किया गया था। वहीं महिलाएं ढोलक की थाप पर नृत्य करती चल रही थीं।

## पंडित ने खुद को बताया मुख्य पुजारी, फर्जी तरीके से राशि ऐठने का प्रयास शिकायत कर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बगलामुखी माता मंदिर पर फर्जी तरीके से सोशल मीडिया पर खुद को बगलामुखी माता मंदिर का मुख्य पुजारी बताकर भक्तों को गुमराह कर रहे एक पंडित की करतूत सामने आई। जिस पर मुख्य पुजारी परिवार द्वारा उक्त पंडित की शिकायत मंदिर समिति अध्यक्ष, सचिव व पुलिस थाने पर जाकर संबंधित पंडित पर कार्रवाई करने की मांग की है। बगलामुखी माता मंदिर के मुख्य पुजारी महंत गोपाल दास व मनोहरदास ने बताया की पंडित बबलू गुरु द्वारा अपनी सोशल मीडिया साइड पर एक पोस्ट डाल रखी है जिसमें वो खुद को



**0000**
**0000**
**00000**

उक्त मामले को लेकर पुजारी परिवार द्वारा मंदिर समिति अध्यक्ष एसडीएम मिलिंद ढोके व मंदिर सचिव तहसीलदार प्रीति भींसे, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय को एक आवेदन सौंपा है। जिसमें संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बगलामुखी माता मंदिर का मुख्य पुजारी बताकर पीढ़ियों से माता की सेवा करने का जिक्र कर भक्तों से फर्जी तरीके से रुपए ऐठने का कार्य कर रहा है। जिसके कारण पुजारी परिवार की छवि धूमिल हो रही है तथा मंदिर की प्रतिष्ठा पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। जबकि पीढ़ियों से महंत गोपालदास व मनोहरादास का परिवार ...की

**इनका कहना है**

मां बगलामुखी मंदिर के मुख्य पुजारी की शिकायत पर संबंधित पंडित को नोटिस जारी कर तत्काल जवाब मांगा गया है। संतुष्टि पूर्ण जवाब न देने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
**प्रीति भींसे,** मंदिर समिति सचिव व तहसीलदार , नलखेड़ा

**खबर संक्षेप**

### देववासिनी द्वारा आज शहरभर में होगा गुड़ धनिया वितरण

**देवास।** संस्था देववासिनी द्वारा हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सचिव महेश चौहान ने बताया कि संस्था देववासिनी के संरक्षक सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के संरक्षण, प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक खंडेलिया की अध्यक्षता में 9 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः शहरभर में सनातनी बंधुओ को हिन्दू नववर्ष की बधाई, शुभकामनाएं देते हुए तिलक कर गुड़ धनिया का वितरण किया जाएगा। कार्यकर्ता प्रातः 6 बजे से उज्जैन रोड चौराहा, विकास नगर चौराहा, भारत माता चौराहा, बस स्टैंड, तहसील चौराहा, बीमा चौराहा, आवास नगर, माताजी पेड़ी सिंह द्वार, जनता बैंक चौराहा, जवाहर चौक, सुभाष चौक, इटावा, कैलादेवी चौराहा, बड़ी सब्जी मंडी मक्सी रोड पर तिलक लगा कर गुड़ धनिया वितरण करेंगे। शाम 6 बजे से देववासिनी द्वारा विराट कृपा, हीरो शोरूम के पास, गंगानगर, ए बी रोड पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए देववासिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले सप्ताह से शहर के विभिन्न वार्डो में बैठके की जाकर सपरिवार निमंत्रण दिए जा रहे है। साथ ही विविध धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, समाजजनों को व्यापक स्तर पर पत्रक वितरण किए जा कर अधिक से अधिक संख्या में इस होने वाले भव्य आयोजन में शामिल होने का निवेदन किया।

कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# उप संचालक व सहायक संचालक कृषि के वेतन काटने के दिए निर्देश

मतदान दलों का रूट चार्ट तैयार कर लें, चयनित मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




देवास। कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने देवास जिले में नरवाई जलाने पर कार्यवाही नहीं करने पर उप संचालक कृषि आर. पी. कनेरिया का पांच दिवस और सहायक संचालक कृषि कल्पना तिर्की का दो दिवस का वेतन काटने और डीएमओ मार्कफेड की संजना कोरी को शोकाज नोटिस देने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि प्राईवेट टेंकरों से पानी की सप्लाई पर रोक लगाये। ग्रीष्म ऋतु में मजरे-टोलों में पानी की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और आवश्यक होतो बोरिंग भी करायें। पीएचई विभाग पानी की समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम बनाये। गुप्ता ने कहा कि कन्नौद और खातेगांव में एसडीएम भूमि से अतिक्रमण हटाकर एनएच को कब्जा दिलाये। जिले के जिन तालाबों में दिसम्बर तक पानी रहता है, उनमें मछली पालन के लिए योजना बनाये।

बरसात शुरू होते ही मछली पालन के लिए बीज तैयार कर लें। लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों का चयन कर लें। मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें। मतदान दलों का रूट चार्ट तैयार कर लें। चयनित मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से 12डी फार्म भरवाने की तैयारी कर लें। लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को ट्रेनिंग दें और ट्रेनिंग के समय एसडीएम भी उपस्थित रहें।

निर्वाचन कार्य में जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वे बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाये। बिना मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी निरस्त नहीं की जायेगी। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित हों, इसका ध्यान रखें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। वन विभाग को निर्देश दिये कि अन्य पौधों के साथ फलदार पौधो का रोपण की कार्ययोजना बनाये। उद्योग विभाग को निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्र में मियावाकी पद्धती से पौधा रोपण का कार्य करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लोकायुक्त की टीम ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को 5 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**शिक्षिका को झूठी जांच में फसाने का आरोप**



**देवास।** लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने सोमवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय संजय नगर के प्रभारी प्रधानाध्यापक को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। प्रधानाचार्य पर आरोप था कि वह स्कूल की सहायक शिक्षिका को झूठी जांच में फंसाने की धमकी देकर शिक्षिका से 6 हजार रुपए की प्रतिमाह रिश्वत ले रहा था। आरोपी प्रधानाचार्य ने कुछ माह तक शिक्षिका से रिश्वत ली उससे तंग आकर शिक्षिका ने इसकी लिखित शिकायत उज्जैन लोकायुक्त को कर एक रिकार्डिंग भी दी।

इसके बाद टीम सोमवार सुबह स्कूल पहुंची जहां आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों टीम ने धरदबोचा। लोकायुक्त टीम ने आरोपी के विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन 2018 के तहत कार्रवाई की है। दरअसल लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने सोमवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय संजय नगर के प्रभारी प्रधानाचार्य तिलकराज सेम को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी द्वारा स्कूल की शिक्षिका पद्मा बाथम को झूठी जांच में फंसाने की धमकी देकर शिक्षिका से 6 हजार रुपए प्रतिमाह की रिश्वत की मांग की जा रही थी।

जिसकी शिकायत पीड़ित शिक्षिका ने 4 अप्रैल को उज्जैन लोकायुक्त को की थी। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन अनिल विश्वकर्मा द्वारा शिकायत की जांच डीएसपी सुनील तालान को दी गई। डीएसपी ने रिश्वत मांगने की पुष्टि मोबाइल से प्रधानाचार्य और शिक्षिका की चर्चा व उसकी रिकार्डिंग से की। शिकायत सही पाए जाने पर व प्रभारी प्रधानाचार्य तिलकराज सेम को लोकायुक्त टीम ने शिक्षिका बाथम से 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान, निरीक्षक दीपक सेजवार सहित 8 सदस्यों की टीम मौजूद रही।

# श्री खाटूश्याम भजन संध्या में झूमे श्रोता



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

फोटो-विडियोग्राफर मित्र मंडल के द्वारा विश्वास होटल में श्री खाटूश्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा की पवित्र ज्योत प्रज्वलित कर बाबा का फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया तथा बाबा को 56 भोग लगाया गया। उज्जैन की प्रसिद्ध भजन गायिका आशा सोनू राठौर ने बाबा के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से उपस्थितजनों को भाव विभोर कर दिया और श्रोता झूम कर नाचे। देवास फोटो -विडियोग्राफर मित्र मंडल द्वारा भजन गायिका आशा सोनू राठौर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। भजन संध्या में जिले के सभी फोटोग्राफर परिवार सहित उपस्थित हुए तथा बाबा के दर्शन लाभ प्राप्त किया।

# आज से कैला देवी मंदिर में नवरात्रि देवी अनुष्ठान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा से प्रारंभ चौत्री नवरात्रि के पावन पर्व को आध्यात्मिक देवी अनुष्ठान के साथ कैला देवी मंदिर समिति द्वारा श्री राम महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। आयोजक मन्नूलाल गर्ग एवं समिति के संयोजक रायसिंह सेंधव ने बताया कि यह वर्ष सनातन के इतिहास का सबसे बड़ा पर्व है।

मां कैला देवी मंदिर में आज से नवरात्रि देवी अनुष्ठान प्रारंभ होगा। 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक श्री राम महोत्सव के भव्य आयोजन में राष्ट्र की महान आध्यात्मिक प्रवक्ता वात्सल्यता की प्रति मूर्ति दीदी मां साध्वी ऋतंभरा द्वारा श्री राम कथा का आयोजन होगा।

राम नवमी पर विशेष राम महोत्सव का आयोजन होगा। नवरात्रि में श्रद्धालु के दर्शन की विशेष सुविधा रहेगी। श्रीराम कथा की व्यापक तैयारी के साथ श्रोताओं के लिए पृथक पृथक स्थान वातावरण के अनुसार रहेंगे। इस वर्ष आयोजन का प्रयोजन है धर्मो रक्षित रक्षतिरू भाव के साथ जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाव अभियान रहेगा। सभी राम भक्तो से निवेदन है कि श्री राम कथा महोत्सव को सफल बनाएं। यह जानकारी कैला देवी मंदिर समिति मीडिया प्रभारी चेतन उपाध्याय ने दी।

### जिले के चार आरोपियों को किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जिले के 04 आरोपियों को जिलाबदर किया है। जिसमें राहुल पिता लाखन उम्र 22 साल निवासी सामगी थाना टोंकखुर्द, गणेश पिता भगवानदास बैरागी उम्र 25 साल निवासी पाडियादेह थाना खातेगांव को एक-एक वर्ष के लिए तथा मुकेश पिता गंगाराम डाबर उम्र 30 साल निवासी ढानाघाट थाना कांटाफोड़, शेरू उर्फ शब्बीर खां पिता खलील खां उम्र 45 साल निवासी ईटावा देवास को छः-छः माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर गुप्ता ने आदेश दिया है कि यह सभी आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खण्डवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# वरिष्ठ नागरिकों का होली मिलन समारोह और संगीत संध्या संपन्न, कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




देवास। वरिष्ठ नागरिक संस्था द्वारा संस्था का 28 वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह एवं संगीत संध्या का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक संस्था सभाकक्ष में सम्पन्न हुए होली मिलन समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित के साथ मुख्य अतिथि डॉ. डीपी श्रीवास्तव, संस्था संचालन गंगासिंह सोलंकी, अध्यक्ष श्री पाराशर, श्रवण कुमार कानूनगो, एमडी सिन्हा, श्री पालीवाल ने किया। समारोह के दौरान लवकुश सुर संगम संस्था के कलाकार अनिल नायक, रामजीत सिंह, प्रीति चौधरी एवं विशेष गायक के रूप में उपस्थित हुए इकबाल खान, देवेन्द्र पंडित, अजय दायमा, जयंत रेडेकर, अभिषेक, रानी सोलंकी, ऋषिकेश, मानसी, दीप्ति निगम, रानी तंवर, माधुरी दायमा, गणेश तंवर, जीवनलाल आदि ने संगीत के प्रसिद्ध कलाकार मोहम्मद रफी, मयंक कपूर, मुकेश मन्नाडे, लता मंगेशकर के सुमधुर गानों के साथ भजन और होली के रंगारंग गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। संगीत कलाकारों का संस्था ने सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के विपिन कुमार कुमावत, हिमांशु कुमार ढाली, केसी नागर, बीडी चावडा, रामसिंह केलकर, निगम सहित संस्था सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौधरी ने किया एवं आभार संस्था गंगासिंह सोलंकी ने माना।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अमलतास में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में अमलतास अस्पताल में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम श्रृंखला आयोजित की गई।

इसी कड़ी में एनीमिया मुक्त भारत अभियान में सहयोग देने वाले जूनियर डॉक्टर्स नर्सिंग स्टाफ एवं इसका नेतृत्व करने वाले डॉ. शर्मीला मित्तल का माननीय सिविल सर्जन डॉ. पी.एन. वर्मा ने इनके टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रयासों की सराहना की और उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किया। इसी अवसर पर रविन्द्र नागदा एवं डॉ. सुनील जायसवाल ने सहज ध्यान योग प्रक्रिया से अपने जीवन में किस तरह तनाव मुक्त रहा जा सकता है इस पर व्याख्यान दिया। इसी श्रृंखला में डॉ. विजया सकपाल डायरेक्टर स्टेट मेटल हेल्थ द्वारा एमबीबीएस एवं पोस्ट ग्रेजुएट छात्र छात्राओ को मानसिक रोग से सम्बंधित बीमारियों के उपचार के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। आयोजित कार्यक्रम में अस्पताल के डीन डॉ.ए.के. पीठवा एवं वीसी डॉ. वानखेड़े ने पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत किया व धन्यवाद ज्ञापन अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत द्वारा दिया गया। अमलतास अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया की स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य विश्व भर में स्वास्थ्य परिणामों में सुधार की प्रगति को उजागर कर अच्छे स्वास्थ्य के महत्त्व और लाभ के बारे में लोगों को शिक्षित करना है। अमलतास अस्पताल द्वारा आज स्वास्थ्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ट चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से वंचित समुदायों में बीमारियों के बोझ को कम करने के लिए हमारे चिकित्सक निःस्वार्थ सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित है। आयोजित कार्यक्रम में अमलतास कॉलेज एवं अस्पताल के सभी चिकित्सक, छात्र-छात्राए एवं स्टाफ उपस्थित थे।

**सर्व सामाजिक विकास संस्था, हिन्दू शक्ति दल व हिन्दू सनातन सेवा संगठन का हुआ विवाह सम्मेलन**

# 117 कन्याओं के सामूहिक विवाह के साथ हुआ श्रीराम यज्ञ





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सर्व सामाजिक विकास संस्था, हिन्दू शक्ति दल एवं हिन्दू सनातन सेवा संगठन द्वारा आयोजित देवनारायण कथा एवं 117 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थानीय राजशांति कॉलोनी में संपन्न हुआ। प्रातः: 8 बजे से ही बाराते आना प्रारंभ हो गई थी, जिनका स्वागत समिति द्वारा तिलक लगाकर किया गया। सनातन वैदिक पद्धति से मंत्रोच्चार द्वारा पंडित दयालु गुरू ने विधि विधान से विवाह संपन्न करवाये। समिति और सहयोगकर्ताओ की और से मंगलसूत्र, बिछुड़ी, काँटा, पलंग, गादी, रजाई, तकिया सेट और तीस बर्तन डायचा स्वरुप प्रदान किये गए। इस अवसर आयोजन समिति के हुकुमसिंह पवार, अजय सरोके, रामेश्वर दायमा, घनश्याम खराडिया, गिरवर सिंह कुशवाह, आनंदीलाल राठौर, कैलाश पटेल, अशोक पोरवाल, शशिकला ठाकुर, अर्जुन सोलंकी, कन्हैयालाल गेहलोत, आलोक पायलेट, कैलाश पांचाल, प्रहलाद सिंह कुशवाह, पी एन तिवारी, धर्मेन्द्र रेनिवाल, जुगलकिशोर राठौर, राहुल दायमा, जितेंद्र सिंह पवार, गोपाल सेंधव, मुकेश खराडिया, सहित कई सदस्य शामिल रहे। वही अमलतास ग्रुप की और से डॉ प्रशांत सर, डॉ जाट सर, मनीराम ज्वेलर्स के राधेश्याम सोनी, रामेश्वर दायमा, मजदुर संघ से लोकेश विजयवर्गीय,एल एन मारू, शिवकुमार संघवी सहित गणमान्य अतिथियों ने नव-दम्पतीयो को बधाई-आशीर्वाद एवं संस्था के हुकुमसिंह पवार को जन्मदिन की बधाई दी। अंत में संस्था की ओर से हुकुमसिंह पवार द्वारा कालोनाइजर संजय कसेरा, पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, अमलतास ग्रुप, कार्यकर्ताओ, मातृशक्ति सहित सभी सहयोग कर्ताओ को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी समिति की ओर से अशोक पोरवाल ने दी।

# बस स्टैंड पर हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर यादव समाज ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विगत दिनों 4 अप्रैल को बस स्टैंड पर अभिषेक पिता दिनेश यादव पर चाकू से हमला कर दिया था, जिसको लेकर यादव समाज एवं अन्य संगठन के लोग बड़ी संख्या में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।

जानकारी के अनुसार अभिषेक पर मनन परिहार, मनीष भालसे, अकील पठान, गोपाल नामदेव अन्य ने चाकू से हमला किया था। मामले को लेकर तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, वही एक आरोपी मनन फरार है। जिसकी गिरफ्तारी व मुख्य साजिशकर्ता की पहचान को लेकर ज्ञापन दिया गया है।

पूर्व पार्षद अर्जुन यादव एवं पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि जो आरोपी है, उन्होंने किसी के इशारे पर हमला किया है। इसको लेकर हमारी मांग है कि उसका भी नाम सामने आए और उसे पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। सीएसपी ने जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन में क्षेत्रीय पार्षद रामदयाल यादव, हीरालाल यादव, मुन्नालाल यादव, उदयभानु यादव, नत्थूलाल यादव, महेश यादव, जगदीश यादव, योगेंद्र कावल, रवि यादव सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### उपार्जन केंद्रों पर मानक खरीदी के लिए तीन सदस्यीय दल गठित

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर भारत सरकार द्वारा जारी एक समान विनिर्दिष्टिया अनुसार गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा हरा है। जिसकी गुणवत्ता का परीक्षण प्रथम स्तर पर उपार्जन एजेंसी द्वारा नियोजित सर्वेयर द्वारा किया जाता है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन मे गुणवत्ता संबंधी समस्या निर्मित न हो एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार गेहूं उपार्जन किया जा सके, इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर FAQ मानक की खरीदी कराए जाने के लिए प्रत्येक केन्द्रवार 03 सदस्यीय दल गठित किया गया है।

### साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता जरूरी

**सीहोर।** तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन और डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से सायबर अपराध भी बढ़ते जा रहे हैं। खुद को साइबर ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता व सतर्कता कई बार मन में आने वाले लालच और लापरवाही के कारण साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। यह बात कलेक्टर प्रवीण सिंह ने पीजी कॉलेज में आयोजित सायबर जागरूकता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कही। कुछ उल्लेखनीय उदाहरण ईमेल धोखाधड़ी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, रैंसमवेयर हमले, साइबर जासूसी, पहचान की चोरी, क्लिकजैकिंग और स्पाइवेयर जैसे कई अपराध शामिल हैं।

### तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हो रहे सड़क हादसे

# भोपाल-इंदौर हाइवे पर किलेरामा के पास बाइक के ऊपर पलटा ट्रक, एक गंभीर


जेसीबी क मदद से हटाया ट्रक, मौके पर पहुंची पार्वती थाना पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रविवार को भोपाल इंदौर मार्ग पर किलेरामा के पास एक ट्रक बाइक सवार पर पलट गया। जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को 4 बजे करीब भोपाल इंदौर हाईवे किले रामा बाईपास पर एक बाइक सवार आष्टा तरफ आ रहा था। तभी ट्रक एमपी 07 एचबी 4123 बाइक पर पलट गया और बाइक सवार ट्रक के नीचे ही दब गया। सूचना पर आष्टा की पार्वती पुलिस मौके पर पहुंची और पोकलेन जेसीबी की मदद से ट्रक को हटाया और बाइक सवार घायल को एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल उपचार के लिए भेजा। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि किलाराम के पास बाइक सवार पर ट्रक पलट गया था। जिसमें बाइक सवार राम सिंह पिता बिहारी लाल प्रजापति उम्र 35 वर्ष निवासी सेंधोखेड़ी गांव से आष्टा तरफ आ रहा था। तभी हाईवे पर किलेरामा के पास ट्रक पलट गया। जिसमें बाइक सवार बाइक समेत दब गया था। जैसे ही हमें जानकारी मिली जेसीबी और पोकलेन मशीन से ट्रक को उठाया और बाइक सवार को नीचे से निकाला। एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। बताया जाता है कि दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक पर पलट गया था। जिसमें बाइक सवार ट्रक के नीचे दब गया था। जिससे बाइक सवार के दोनों पैर में गंभीर चोट आई है। उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है।





### कार में अज्ञात ने लगाई आग, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

शहर के काछीपूरा में चूड़ी मनिहारी की दुकान संचालित करने वाले महेश पटवा की पुष्प स्कूल स्कूल रोड पर वार्ड नं 17 की आंगनवाड़ी के सामने खड़ी कार एमपी 09 सीबी 4588 में शनिवार और रविवार की देर रात को किसी अज्ञात ने आग लगा दी। पीड़ित ने बताया कि घटना रात करीब 12 से 1 बजे के लगभग की है। आग इतनी भीषण थी की कार कुछ समय में ही जलकर खाक हों गईं। गाडी मालिक ने आष्टा पुलीस थाना में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिहाजा पुलीस अब कार जलाने वाले की तलाश कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। वहीं यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि रात के समय एक अज्ञात शख्स गाड़ी के पास पहुंचता है और गाड़ी में आग लगाकर भाग जाता है। गाड़ी मालिक की शिकायत पर आष्टा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश भी शुरू कर दी है। पुलिस को कोशिश है कि जल्द से जल्द आरोपी की शिनाख्त हो सके और उसे गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है कहीं कार मालिक की किसी के साथ दुश्मनी तो नही है जिसके चलते बदले की भावना से इस घटना को अंजाम दिया गया है!वहीं अब पुलिस के लिए इस शख्स को पकड़ना बेहद जरूरी हों गया है क्योंकी शहर में अधिकतर लोगों की कार घर के बाहर खड़ी रहती है जिससे भविस्य में इस तरह की घटनाओं को अंजाम ना दिया जा सके।



## पांच साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

### पार्वती थाना पुलिस को मिली सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वर्तमान में सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टि गत आदर्श आचार संहिता प्रभाव शील है। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गुण्डा बदमाश एवं स्थाई वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने संबंधी निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पार्वती चिन्मय मिश्रा के नेतृत्व में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं वारंटियों की धरपकड़ हेतु थाना पार्वती से पुलिस टीम गठित की गई। वर्ष 2019 में माननीय न्यायालय से जमानत से फरार तथा स्थाई वारन्टी के निवास स्थान पुलिस के द्वारा समय समय पर दबिश दी गई। लेकिन स्थाई वारन्टी की गिरफ्तारी का हर संभव प्रयास किया गया। लेकिन स्थाई वारन्टी पुलिस की गिरफ्त से फरार था। 06 अप्रैल की रात्री में मुखबिर सूचना के आधार पर टीम ने फरार स्थाई वारन्टी के घर ग्राम भीलाखेडा थाना बरोठा जिला देवास पर दबिश देकर नरेन्द्र पिता जगन्नाथ चौधरी उम्र 45 वर्ष जाति खाती को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पार्वती उनि चिन्मय मिश्रा, प्र.आर. 732 दिनेश सिसोदिया प्र.आर. 46 मनोज, आर. 429 राजकुमार, आर. 826 सचिन कालेन , आर.810 गोपाल, म.आर. 756 रंजना तथा थाना पार्वती पुलिस का सराहनीय योगदान रहा ।

## पोकलेन से जंगल में हो रही थी अवैध खुदाई, वन अमले ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

6 अप्रैल को शाम 05 बजे बीट गोविन्दपुरा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 127 में गश्त के दौरान वन क्षेत्र में मशीन चलने की आवाज सुनाई दी, स्टॉफ द्वारा पास जाकर देखा तो वन क्षेत्र में एक पोकलेन मशीन और एक ट्राला के साथ अवैध रूप से खुदाई करते हुये पाई गई। जिसकी सूचना स्टॉफ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाकर उनके मार्गदर्शन में मौके से एक पोकलेन मशीन मय एक ट्राले के जप्त कर विधिवत वनअपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण विवेचना में लिया गया। वनविभाग को मिली इस सफलता में डिप्टी रेंजर छगन सिंह भिलाला, शैलेश कुमार सिंह, वनरक्षक फैसल बर्नी, विजय कुमार वर्मा, देवेन्द्र नायक, राहुल सिंह परमार, चंचल चंदेल, कपिल यादव, स्थायी कर्मी महेश कुमार, कैलाश वर्मा, राधेश्याम मल्होत्रा आदि वन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## होली मिलन समारोह के साथ कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रविवार को श्री वैष्णव बैरागी समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम भगवान श्री विष्णु कि प्रतिमा पर, माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि शुरुवात कि गई। जिसमे अखण्ड श्री वैष्णव बैरागी समाज सम्मिलित हुआ। महंतों कि अध्यक्षता में होली मिलन समारोह एवम् नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष मुकेश जी बैरागी पगारिया हाट को, रामानंदाचार्य जयंती अध्यक्ष दिनेश बैरागी सेठ गुराडिया,नगर अध्यक्ष मनोहर बैरागी, पुजारी संघ अध्यक्ष विष्णु दास बैरागी (गुड्डा) गणेश मंदिर, युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष कृष्ण दास बैरागी, महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा बैरागी को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर, महंत हरि दास बैरागी मुगली, महंत मोहन दास बैरागी आष्टा, महंत बाबू दास बैरागी नर्पाखेडी, वरिष्ठ समाजसेवी डा दुर्गा दास बैरागी खाचरोद, भगवान दास बैरागी सेठ गुराडिया, राम दास बैरागी अरनिया राम,कमल बैरागी नर्पाखेडी, भगवान दास बैरागी लंग़ापुरा, निर्मल बैरागी चनखल, महंत नर्मदा दास ( नानू) बैरागी,ओम बैरागी आष्टा, राजेश बैरागी आष्टा, सुनील बैरागी मुगली,राजेश बैरागी कोठरी, रवीन्द्र वैष्णव आष्टा, संतोष वैष्णव,कमल बैरागी सोभाखेडी, ललित बैरागी आष्टा, विष्णु दास बैरागी बागेर, सीताराम बैरागी भवंरी, रेखा बैरागी आष्टा, नीलिमा बैरागी आष्टा,पवन बैरागी आष्टा,अमृत दास बैरागी खाचरोद, प्रकाश बैरागी बमुलिया भाटी,कैलाश बैरागी ठेकेदार आष्टा, हुकुम बैरागी रुपेटा,केलाश बैरागी खाचरोद,धरम दास हरनावदा लक्ष्मी नारायण जावर, राम दास बैरागी सेकुखेडा, संतोष दास खजुरिया, प्रेम दास बैरागी झरखेडी, ओम दास सेकुखेडा, लखन दास बैरागी अरनिया जोहरी, रामबाबू बैरागी कुरली कला इत्यादि सामाजिक बन्धु उपस्थित हुए।

## कुशवाह समाज आयोजित करेगा युवक-युवतियों का मासिक परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पिछले दो दशक से कुशवाह समाज में विशेषकर शिक्षा के प्रति जागृति आई हैं। व्यक्ति अपने पुत्र पुत्रियों की उच्च शिक्षा की ओर ध्यान देने लगा हैं। आर्थिक प्रतियोगिता एवं संचार क्रांति के इस युग में समाज में जागरूकता आई हैं।

पुराने समय में वैवाहिक संबंध परिवार के वृद्धजन एवं वरिष्ठजन से निर्णय से तय हो जाते थे, परंतु इस वैश्विक युग में जहॉं आत्मजागृति एवं स्व इच्छा बढ़ी हैं, वही वैवाहिक संबंधो के लिए स्व प्रसन्नता के मानक कुशवाह समाज में भी आऐ हैं क्योकि दूसरे का अनुसरण करना व्यक्ति की सामान्य प्रक्रिया हैं। स्थानीय कुशवाह समाज में अभी तक ऐसा कोई मंच नही था जहॉं युवक-युवती एक दूसरे से वैवाहिक संबंध के लिए परिचय स्थापित कर सकें।


स्थानीय कुशवाह समाज ने कुछ ऐसा ही नवाचार करने के लिए प्रत्येक माह के पहले रविवार को युवक युवतियों का परिचय सम्मलेन आयोजित करने का निर्णय लिया हैं। इस परिचय सम्मेलन में केवल कुशवाह समाज के युवक युवतियॉं अपने परिवार के सदस्यो के साथ आकर वैवाहिक संबंध हेतु चर्चा कर सकेगें तथा एक ही मंच पर एक दूसरे से परिचय स्थापित कर वैवाहिक संबंध स्थापित कर सकेगें। कुशवाह समाज के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन का उद्देश्य एक ही मंच पर विवाह योग्य युवक युवतियों एवं उनके परिवारजन का परिचय स्थापित करना हैं, जिससे समय एवं धन की बचत होगी। प्रति माह के प्रथम रविवार को 11 बजे से शाम 4 बजे तक यह परिचत सम्मलेन आयोजित होगा, जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के फोटोग्राफ, बायोडाटा संग्रहित किए जायेगें तथा समाज की प्रादेशिक व अन्य जिलो में छपने वाली पत्र पत्रिकाओं में भी प्रकाशित किए जाऐगे।

इस अवसर पर कुशवाह समाज पटेल दलकिशोर कुशवाह, राजू कुशवाह ठेकेदार, जगदीश कुशवाह, नारायण कुशवाह, सुरेश कुशवाह शिक्षक, किशोरी कुशवाह पूर्व पटेल, रवि कुशवाह, गोपाल कुशवाह, प्रकाश कुशवाह मामा, विनोद कुशवाह आड़तिया, गबू कुशवाह, अमरचंद कुशवाह, शुभम कुशवाह, विशाल कुशवाह आदि मौजूद थे।

## प्रभु प्रेमी संघ परंपरानुसार मनाएगा गुड़ी पड़वां पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हिन्दू भारतीय संस्कृति में वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा का धार्मिक एवं गणितीय महत्व होता है। संवत 2081 आगामी 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप संवत 2081 संवत्सर का नाम ''पिंगल'' है। इस संवत्सर के राजा मंगल तथा मंत्री शनि है। प्रभुप्रेमी संघ अपने संस्थापक आचार्य महामंडलेश्वर जूना पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी श्री अवधेशानंद जी गिरी के निर्देशानुसार धार्मिक-सामाजिक बंधुओं के साथ विगत वर्षो से मनाता आया है। गुड़ी पड़वा का इस वर्ष का आयोजन 9 अप्रैल 2024 मंगलवार को प्रातः 8 बजे से श्री मानस भवन में आयोजित किया गया है। प्रभुप्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महामंत्री प्रदीप प्रगति ने यह जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुड़ी की पूजन होगी, वहीं श्रीराम श्रीवादी एवं साथियों द्वारा एवं अन्य भजन गायकों द्वारा संगीतमय भजन, कीर्तन से इस संवत्सर का स्वागत किया जाएगा तथा परंपरानुसार गुड़ी पूजन नगर के महाडिक परिवार द्वारा आयोजित होगा तत्पश्चात प्रभुप्रेमी संघ के द्वारा उपस्थितजनों को श्रीखंड एवं खिचड़ी का व्रत उपवास का प्रसाद का वितरण किया जाएगा।



## शासकीय महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

6 अप्रैल को मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र शासकीय महाविद्यालय जावर नगर (0161) मे अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर नीतू परवाल द्वारा स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रचना मेहरा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल, डॉ. सुमन भदौरिया, सपना साहू, प्रीति कुशवाह, विजय कुमार यादव, विशाल करंदीकर, राजेश डुमाने, रिंकु परमार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शब-ए-कद्र की रात पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रात में जागकर की खुदा की इबादत

# आखिरी असरे में अहमदपुर की जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल





हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

रमजान को इस्लाम का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। पूरे महीने लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं, रमजान के आखिरी अशरे यानी 10 दिनों का एक खास महत्व होता है। जिस दिन रमजान का 26 वां रोजा रखा जाता है, वो तारीख रमजान माह की 27 वीं रात होती है। इसी रात को शब-ए-कद्र की रात कहा जाता है,इस रात को बेहद पवित्र रात माना जाता है,मान्यता है कि इसी रात पाक कुरान आसमान से धरती पर आई थी। इस रात को की गई, अल्लाह की इबादत को हजारों महीनों की इबादत से बेहतर माना जाता है। इस रात को मुस्लिम समुदाय के लोग जागते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं।

### जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल

अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 11 मार्च से प्रारंभ माहे रमजान में कस्बा अहमदपुर की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मुल्क में अमन और चेन की दुआएं मांगी रोजा इफ्तार के समय मस्जिदों और घरों में इफ्तारी कर सामूहिक रूप से रोजा खोला जाता है। इसी प्रकार माहे रमजान में दिन के रोजों के साथ घरों में, मस्जिदों में पवित्र कुरान समझना, पढ़ना व मस्जिदों में विशेष तरावीह की नमाज अदा की जा रही है। जिसमें पवित्र कुरान को इमाम द्वारा हिस्सों में सुनाया जाता है। मौलाना अरशद अमीन मंसूरी साहब द्वारा रमज़ान की शुरुआत से जामा मस्जिद में पवित्र कुरान सुनाया जा रहा था जो 26 वां रोज़ा और 27 वीं शब शनिवार को मुकम्मल हुआ।

### कुरान की तिलावत पूरी, मांगी दुआ

पाक माह रमजान के चलते, क्षेत्र ,में तिलाबातो का दौर जारी है इस दौरान जहाँ पुरुष मस्जिदों में पांचो वक़्त की नमाजों का एहतेमाम करते है तो बही घरों में महिलाए भी रोजा रखकर नमाज ब कुरान की तिलावत कर रही है उसी के चलते अहमदपुर हापिज अरसद अमीन मंसूरी द्वारा पढ़ाई जा रही तराबही में कुरान पूरा किया गया हापिज अरसद अमीन मंसूरी ने बताया की इस्लाम में जकात देना फर्ज है जकात देने से माल की हिफाजत होती इस दौरान उन्होंने मुल्क में अमन ओर चेन की विशेष दुआ मांगी बताया जाता है कि पाक माह रमज़ान के तीन अशरे होते है 1)रेहमत 2)मगफिरत 3)नरख (आग ) से आजादि का 30 दिन को तीन हिस्सो में बाटा गया है। 10 दिन का एक अशरा होता है। यह आखिरी अशरा चल रहा है। बुजुर्गों और बच्चों ने एक साथ मिलकर अमन सुकून के लिए दुआएं मांगी। मौलाना हाफिज अरसद अमीन मंसूरी का फूल माला पहनाकर कुरान पाक खत्म करने पर स्वागत किया गया।

## मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित कर रहे धनराशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सिंध राजपूत परमार कुल अग्निवंश उमठ गोत्र के कुल देवता श्री गौरा भैरव महाराज के मंदिर निर्माण का कार्य मेहतवाड़ा में चल रहा है। मंदिर निर्माण में सभी लोग सहयोग राशि प्रदान कर रहे हैं। 50 से भी अधिक ठिकानों पर उमठ गोत्र के सामाजिक बंधु विराजमान है। वह भी इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कुलदेवी या कुलदेवता कुल या वंश के रक्षक देवी देवता होते हैं। यहां घर परिवार या वंश परंपरा के प्रथम पूज्य तथा मूल अधिकारी देव होते हैं। उनकी गणना हमारे घर के बुजुर्ग सदस्यों जैसी होती है। प्रत्येक कार्य में हमें इन्हें याद करना जरूरी है।

विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में कांग्रेस पर जमकर बरसे सीएम डॉ. मोहन यादव

# बोले- जो पार्टी भगवान राम का न्यौता ठुकरा दे वो किसकी होकर रहेगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों ने अपनी-अपनी बिसातें बिछा ली हैं। इंका प्रत्याशी जहां हर विधानसभा में प्रतिदिन पैदल यात्रा कर चौपालों में रात्रि विश्राम कर रहे हैं। वहीं भाजपा के भी दिग्गज अब मैदान में कूद पड़े हैं। रविवार को एक निजी होटल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के राजगढ़ विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंगपुर पहुंचे। यहां पार्टीजनों द्वारा उनका अभूतपूर्व स्वागत, अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार राजगढ़ आए डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन की शुरूआत जालपा माता एवं भैंसवा माता के जयकारे लगाते हुए की। उन्होंने कहा कि ये समय सिर्फ चुनाव जीतने का नहीं है, ये समय सिर्फ सरकार बनाने का भी नहीं है बल्कि ये समय भारत माता के गौरव को बढ़ाने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि आज अगर राष्ट्रवाद की बात करें तो राजगढ़ जिला प्रदेश के 55 जिलों में पहली पंक्ति में खड़ा है। राजगढ़ में राष्ट्रवाद की मशाल अनेकों सालों से जल रही है।

### इन्होंने रामजी का न्यौता तक ठुकरा दिया

यादव ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ हिंदू-मुसलमानों को लड़ाकर अपनी राजनैतिक रोटी सेकने का काम किया है। हमारी संस्कृति से खिलवाड़ करने का काम कांग्रेस शुरू से करती आ रही है। अरे, उन्होंने भगवान राम मंदिर के आमंत्रण तक को ठुकरा दिया। भगवान के न्यौते को कोई ऐसे मना करता है क्या। और इसीलिए कांग्रेस अपने कर्मों से ही मरती जा रही है।

### इन्होंने आखिर राजगढ़ जिले को दिया क्या है ?

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं उनके अनुज व पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का नाम लिए बगैर सीएम ने कहा कि इन्होंने राजगढ़ जिले को आखिर दिया क्या है। वे (लक्ष्मण सिंह) छह बार सांसद रहे। वर्षों से जिले के लोग रोजगार, रोजी-रोटी के लिए पलायन करते आए लेकिन इन्होंने इसे रोकने कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस ने जो आपके (जनता) के साथ किया है, अब उसका हिसाब करने का समय आ गया है।

### विश्वास सारंगपुर ने भी दिया उद्बोधन

मुख्यमंत्री के पूर्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भी सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने अल्प समय के उद्बबोधन में उन्होंने भाजपा को अनुशासित, राष्ट्रवादी विचारधार वाली पार्टी करार देते हुए दौबरा से सरकार बनवाने पार्टीजनों से चुनाव में जुट जाने की बात कही। इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, महिला नेत्री मोना सुस्तानी, केदार काका, जिला प्रभारी सुरेद्र शर्मा, लोकसभा प्रभारी श्री विरानी, चांचोड़ा विधायक प्रियंका मीणा, विधायक मोहन शर्मा, प्रताप सिंह सिसोदिया, ओपी शर्मा, रमेश तंवर, श्याम गुर्जर, श्याम मंडलोई, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, बबलू पटेल, सहित पार्टी के जिला प्रभारी, अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खास-खास**

- पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव की चुटकियों से मंच पर लगे ठहाके।
- पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई ने भी चुटकियों से गुदगुदाया।
- सभास्थल पर सीएम का पुष्पवर्षा से अभिनंदन।
- सीएम को पहनाया 51 किलो का हार।
- राजगढ़ विधायक अमरसिंह ने सम्हाली सभा की व्यवस्थाएं।
- बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता रहीं मौजूद।
- चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था।
- परेड ग्राउण्ड पर बनाया गया था हेलीपेड।

## भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

**सारंगपुर।** लोकसभा चुनाव के चलते दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अबकी बार 400 पर का नारा सफल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के लिए स्टार प्रचारक सहित मुख्यमंत्री एवं स्वयं प्रधानमंत्री लगातार जनता के बीच जाकर भाजपा की रीति नीति एवं विगत 10 वर्षों में भाजपा द्वारा लिए गए निर्णय का बखान कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को सारंगपुर विधानसभा में लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संवेदनशील सरकार ने किसान, युवा, गौमाता के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। हमारे देश में प्रदेश में भाईचारा कायम करने के लिए सभी लोग एक साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का नारा सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास का हमारा मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री के संबोधन के पूर्व राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने स्वागत भाषण के साथ अतिथि एवं जनता का अभिवादन किया। इसके बाद मंत्री विश्वास सारंग ने अपने भाषण में कहा कि हम सब पीएम मोदी के लिए



काम करें हमारा उम्मीदवार कमल का फूल है। इस दौरान लोकसभा उम्मीदवार सांसद रोड़मल नागर ने भी उपस्थित जन समुदाय से माफी मांगते हुए कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में किसी प्रकार की कोई गलती हुई हो तो क्षमा करें, मैं हमेशा आपके साथ हूं और साथ रहूंगा आप मुझे नहीं मोदी जी को चुन रहे हैं। इस अवसर पर खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 40 कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी की रीति से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष सारंगपुर के 40 कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस से भाजपा में आने वाले सदस्यों का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया।

रविवार पूरे दिन पीएम रूम में रखा रहा शव

## संवेदनहीनता: अपने ही हुए बेगाने शव लेने तक कोई नहीं पहुंचा

### कई दिनों से जिला चिकित्सालय में ईलाजरत थी कालीपीपल की बुजुर्ग



**राजगढ़।** शाजापुर जिले के कालापीपल थाना क्षेत्र के उगली गांव निवासी एक 90 वर्षीय वृद्धा रामकंवर ने शनिवार-रविवार की रात्रि राजगढ़ जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वृद्धा कई दिनों से जिला चिकित्सालय में ईलाजरत थी लेकिन इतने दिनों से कोई उसकी खैर-खबर तक लेने नहीं पहुंचा। अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ ही इस वृद्धा की सेवा, इलाज कर रहा था। बुजुर्ग महिला की मौत के बाद अस्पताल चौकी प्रभारी करण सिंह व अन्य द्वारा शव को पीएम रूम में रखवा दिया गया। रविवार पूरे शाजपुर जिले व अन्य संबंधित स्थानों पर परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन देर शाम तक शव को लेने कोई नहीं पहुंचा। शासकीय नियमानुसार मंगलवार तक भी अगर कोई शव लेने नहीं पहुंचता है तो नगर पालिका द्वारा इनका अंतिम संस्कार करवाया जाएगा।

### समाजसेवी बोले हम करवाएंगे अंतिम संस्कार

राजगढ़ नगर के कई सेवाभावी युवकों, समाजसेवियों ने कहा कि अगर मंगलवार तक मृतिका वृद्धा के शव को कोई लेने नहीं पहुंचता है तो हम सभी मिलकर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार करवाएंगे। आखिर वो भी किसी की मां, किसी की पत्नी, किसी की बेटी थी।

### घायल की भी नहीं हुई पहचान

शनिवार-रविवार की रात्रि पीपलबे के नजदीक हुए एक सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया था। सिर में गहरी चोंट के बाद उसे किसी के द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। खबर लिखे जाने तक इस युवक की पहचान भी नहीं हो पाई थी।

निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

## दावत, लंगर और भोज में शामिल प्रत्याशी के खर्च में जुड़ेगा समस्त व्यय

**राजगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि चुनाव लड़ने वाला कोई अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज, दावत या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जाएगा। इस खर्चे को उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।

योग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किए गए ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी भी नाम से बुलाये गये हो। साथ ही अभ्यर्थीया किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किये गये हों, यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जायेगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा। जबकि, यह अभ्यर्थी को छोड़कर किसी व्यक्ति द्वारा आयोजित किया गया हो ।

ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किये गये व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जायेगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आंगतुक के रूप में भाग लेता हो। आयोग ने निगरानी दलों एवं निर्वाचन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं कि ऐसे सामुदायिक भोज आदि में अभ्यर्थी ने कोई वित्तीय योगदान नहीं दिया हो और किसी भी तरीके से ऐसे भोज में किसी तरह का राजनैतिक अभियान न चलाया गया हो।

नवागत एसपी के निर्देशों पर चल रही धरपकड़

## 14 साल से राजगढ़ पुलिस को छका रहा स्थाई वारंटी धराया

**राजगढ़।** विभिन्न गंभीर अपराधों को कारित करने के बाद कई मुलजिम ऐसे हैं जो महीनों, सालों से फरार हैं। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी पता नहीं लग पा रहा है। पर अब जिला पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान के बाद 14 साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को आखिरकर गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुरावर थाने में साल 2010 में अवैध हथियार रखने के चलते आम्र्स एक्ट के तहत बानअली पिता मंगलशाह निवासी कोटरीकला के खिलाफ अपराध दर्ज था। आरोपी बानअली अपराध कारित करने के बाद चौदह सालों से पहचान छिपाकर फरारी काट रहा था। गत दिवस पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि बानअली हुलिया बदलकर डॉ. सौराब नाम से छिंदवाड़ा के जुन्नरदेव में रह रहा है। सूचना के बाद आरोपी को पकड़ने टीम गठित कर जुन्नरदेव पहुंचाया गया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बानअली को धरदबोचा। राजगढ़ लाने के बाद उसे नरसिंहगढ़ न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई हुई है।

## युवक ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी

### परिजन दो दिन से गए हुए थे शादी में, घर पर अकेला था युवक



**खुजनेर।** रविवार को अज्ञात कारणों के चलते खुजनेर निवासी अंकित यादव पिता देवीसिंह यादव उम्र 22 वर्ष घर पर फांसी के फंदे पर शव लाटका मिला। परिजन दो दिन से शादी में गए हुए थे युवक अकेला घर पर था। जिसकी सूचना सुबह 11 बजे के लगभग मिली जिसके बाद युवक के शव को नीचे उतार कर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम करने लेकर गये जिसके बाद पुलिस ने मृग कायम कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार युवक ने आठ दस घंटे पहले फांसी लगाई थी। युवक घर पर अकेला था। वहां ट्रेक्टर शोरूम पर कार्य करता था। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

## भावसार समाज ने चल समारोह निकाला गणेश मंदिर परिसर में हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**जीरापुर।** भावसार समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां हिंगलाज प्राक्ट्य उत्सव उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के समस्त महिला पुरुष बच्चे श्रीराम मंदिर भावसार मोहल्ला में एकत्रित हुए। जहां से मां हिंगलाज की विशेष झांकी के रूप में शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो कि बस स्टेण्ड, स्वामी विवेकानंद चौराहा, इन्दर चौराहा , बुधवारिया बाजार, चौपड़ा बाजार, भावसार मोहल्ला से होती हुई मां हिंगलाज वाटिका (भावसार धर्मशाला) पहुंची। तत्पश्चात समाज जनों द्वारा मां हिंगलाज की महाआरती कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वही समाज की बालिकाएं हाथ में ध्वज पताका धारण किए चल रही थीं।

### नवसम्वत्सर पर होगा ब्राह्मण समाज का मिलन समारोह

**ब्यावरा।** ब्राह्मण समाज ब्यावरा के तत्वावधान में 9 अप्रैल को नगर के परशुराम मंदिर पर नवसम्वत्सर के उपलक्ष्य में समाजिक बंधुओं का मिलन समारोह रखा गया है। इस मिलन समारोह के साथ आयोजित होने वाली बैठक में समाज के विभिन्न एवं महत्वपूर्ण विंदुओं पर विचार विमर्ष भी किया जाएगा। मंगलवार को शाम 5 बजे से इस बैठक का आयोजन रखा गया है।

## जहरीले जीव के काटने से हुई युवक की मौत



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के जामुनिया गांव में एक 32 वर्ष लड़के की दोपहर 2 के आसपास अपने घर के पास खलयान पर किसी जहरीले जानवर के काटने से मृत्यु हो गई। भवरलाल दांगी के इकलौता बेटे की मृत्यु से गांव में शोक की लहर छा गई। कुशल का एक 11 वर्ष का लड़का है। युवक कुशल हंस मुख मिलनसार था। जिसका खिलचीपुर हॉस्पिटल में पीएम हुआ। उसके बाद 5 बजे अंतिम संस्कार गांव जामुनिया में किया गया ई है। ओर सभी गांव वाले ने नम आंखों से कुशल को अंतिम विदाई दी गई।

मतदाता जागरुकता अभियान

## स्वीप गतिविधि अंतर्गत हुई स्लोगन प्रतियोगिता



**खुजनेर।** मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत नगर में शहीद मनीष विश्वकर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल खुजनेर में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा मतदान पर स्लोगन लिखकर मतदान की अनिवार्यता बताई वहीं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा समस्त छात्रों को नागरीको को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया कि बिना किसी लोभ, द्वेष, जातिगत भेदभाव के बिना अपना मतदान करना है तथा शत प्रतिशत मतदान कराना है मेरा वोट - मेरी शान, वोट डालने जाना है - अपना फर्ज निभाना है आदि नारे लिखकर छात्रों ने सुंदर ढंग से प्रतियोगिता में भाग लिया इस अवसर पर संस्था प्राचार्य ललित विश्वकर्मा, शिक्षक मनोज शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, गिरवर नागर व स्कूल स्टाफ सहित नपा लेखापाल भूपेन्द्र लोहिया, अमित यादव भगवान सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।


विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

## स्टेशन पर रेल सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए रेलवे सहलाकर ने स्टेशन मास्टर से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आवागमन के लिए सबसे अधिक सरल एवं सुविधायुक्त सफर रेल का माना जाता है, क्योंकि रेल के निजी वाहन जैसी सुविधा कम खर्च करने में मिल जाति है, किंतु ये सुविधा सिर्फ पैसे वालों को ही नसीब होती है। अंतिम पंक्ति या मिडिल क्लास वाले यात्री को धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है।

भारत सरकार द्वारा पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों पर तमाम प्रकार की मूलभूत सुविधाएं की गई या की जा रही हैं। इतना ही नहीं अमृत योजना के तहत कुछ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भी चल रहा है लेकिन सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इतना ही नही स्टेशन से कई यात्री रेल गुजरती है लेकिन रुकती भी नहीं है। हजारों बार सामाजिक संगठनों सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर



सुविधा बड़ाने एवं रेलो का स्टॉपेज बढ़ाने की मांग रखी, लेकिन उनकी मांग या तो ऊपर तक नही पहुंची या कचरे के डिब्बे में फेंक दी गई। हद तो तब हो रही हैं जब नगर पंचायत जैसे स्टेशनों पर कायाकल्प एवं मूलभूत सुविधा हो रही हैं वही नगर पालिका क्षेत्र में बड़े स्टेशन पर कोई सुविधा नहीं है। शनिवार को रेलवे स्टेशन सारंगपुर पर रेलवे सलाहकार मंडल यूजीसी सुनील आचार्य को विभिन्न मांगों को लेकर पत्र सौपा। इस अवसर पर सत्यनारायण वैष्णव, कैलाश शर्मा, प्रदीप शर्मा, नवीन रुण्डवाल, सुनील धनगर, नावेद खान ने मांग पत्र सौंपा।

## पाटीदार समाज सेवा व विवाह समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**सारंगपुर।** रविवार को बालाजी गार्डन में पाटीदार समाज सेवा एवं विवाह समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मां उमियाके चित्र पर डॉक्टर राकेश कुमार द्वारा माल्यार्पण कर शिविर को प्रारंभ किया गया। उक्त शिविर सरदार पटेल हॉस्पिटल शाजापुर के तत्वाधान में किया गया। शिविर में निलेश वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पर्यावरण प्रेमी नन्द किशोर सोनी विजय बारकिया गोवर्धन प्रसाद लाला ओमप्रकाश पाटीदार नरेंद्र नाहर लक्ष्मी नारायण कैलाश नारायण सेठ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में रजिस्ट्रेशन का कार्य देवी सिंह पाटीदार संपन्न किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आत्माराम पाटीदार ने बताया कि अब पाटीदार समाज सेवा समिति प्रतिवर्ष इसी तरह के शिविर का आयोजन करने का संकल्प लिया है।